हेरिटेज वॉक से आज होगी अंतरराष्ट्रीय ऊंट उत्सव की शुरुआत

■ तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय ऊंट उत्सव आज से शुरू, विभिन्न लोक वाद्यों, लोक कलाओं और लोक गीत व संगीत की प्रस्तुति कलाकारों द्वारा दी जायेगी। इस दौरान लोक कलाकार, रोबीले और सजे-धजे ऊंट भी साथ रहेंगे

बीकानेर, (कासं)। तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय ऊंट उत्सव का शुभारंभ शुक्रवार को सुबह 08 बजे हेरिटेज वॉक से होगा। जिला कलेक्टर नम्रता वृष्णि ने बताया कि जिला प्रशासन और पर्यटन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में 9 से 11 जनवरी तक आयोजित हो रहे अंतरराष्ट्रीय ऊंट उत्सव की शुरूआत हेरिटेज वॉक से होगी। जो लक्ष्मीनाथ मंदिर से शुरू होकर रामपुरिया हवेली तक जायेगी। जिला कलेक्टर ने बताया कि सुबह 08 से 10 बजे तक होने वाले इस कार्यक्रम के दौरान विभिन्न लोक वाद्यों, लोक कलाओं और लोक गीत व संगीत की प्रस्तुति कलाकारों द्वारा दी जायेगी। इस दौरान लोक कलाकार, रोबीले और सजे-धजे ऊंट भी साथ रहेंगे। शहर की ऐतिहासिक रम्मत का प्रदर्शन, भुजिया, घेवर और जलेबी बनाने का लाइव प्रदर्शन किया जायेगा। उत्सव की तैयारियों को अंतिम रूप दे दिया गया है। जिला कलेक्टर ने ऊंट उत्सव में शामिल होने की अपील सभी बीकानेर वासियों से की है। पर्यटन विभाग के संयुक्त निदेशक अनिल राठौड़ ने बताया कि हेरिटेज वॉक के बाद सुबह 11 से दोपहर 2 बजे तक जिला उद्योग संघ की ओर से 'मान मनुहार' कार्यक्रम के तहत ट्रेडिशनल बीकानेरी फूड फेस्टिवल का आयोजन रानी बाजार स्थित जिला उद्योग संघ में किया जायेगा।

राठौड़ ने बताया कि दोपहर 2 से शाम 6 बजे तक धरणीधर ग्राऊंड में प्राऊड एंड प्राइड ऑफ बीकानेर कार्यक्रम के तहत मिस्टर बीकाणा, मिस मरवण शो और ढोला मारू प्रतियोगिता का भव्य आयोजन होगा। उसके बाद धरणीधर ग्राऊंड पर ही शाम 7 से रात 10 बजे तक बीकाणा री आवाज (वॉयस ऑफ बीकानेर) कार्यक्रम के अंतर्गत लोकल ग्रुप म्यूजिकल बैंड प्रतियोगिता का आयोजन होगा। जिसमें विजेता टीम का प्रदर्शन अगले दिन डॉ करणी सिंह स्टेडियम में भी करवाया जायेगा।

संयुक्त निदेशक राठौड़ ने बताया कि 10 जनवरी को सुबह 08 से 9 बजे तक 'करें योग रहें निरोग' कार्यक्रम के तहत सांसोलाव तालाब किनारे योगा प्रैक्टिस करवाई जायेगी। सुबह 09 से दोपहर ढाई बजे तक राष्ट्रीय उष्ट्र अनुसंधान केन्द्र (एनआरसीसी) में 'ऊंटां री बातां' कार्यक्रम के तहत ऊंट नृत्य, ऊंट फर कटिंग, ऊंट साज-सज्जा, ऊंट दौड़ और घुड़दौड़ का आयोजन किया जायेगा।

इसी दौरान सुबह 11 से शाम 05 बजे तक डॉ करणी सिंह स्टेडियम में 'ऊंटां रो इतिहास-विरासत के साथ' के अंतर्गत कला प्रदर्शनी का आयोजन राजस्थान राज्य अभिलेखागार की ओर से किया जायेगा। शाम 07 से रात 10 बजे तक डॉ करणी सिंह स्टेडियम में बेस्ट ऑफ राजस्थान फोक नाइट कार्यक्रम के तहत लोकल और राजस्थानी कलाकारों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की भव्य प्रस्तुति दी जायेगी। पर्यटन विभाग के संयुक्त निदेशक अनिल राठौड़ ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय ऊंट उत्सव के दौरान वन विभाग के सहयोग से बर्ड फेस्टिवल का आयोजन जोड़बीड़ स्थित लव कुश वाटिका और उससे थोड़ा आगे गिद्ध संरक्षण क्षेत्र में 10 जनवरी को सुबह 08 से शाम 5 बजे तक किया जायेगा।

23 ग्राम स्मैक सहित गिरफ्तार

सूरतगढ़, (कासं)। राजियासर पुलिस ने पुलिस चौकी बिरधवाल के पास से एक युवक को 23 ग्राम अवैध स्मैक के साथ गिरफ्तार किया।

राजियासर पुलिस थाना टीम ने गुरूवार को गश्त के दौरान एनएच-62 पर पुलिस चौकी बिरधवाल के पास से एक युवक को 23 ग्राम अवैध स्मैक के साथ गिरफ्तार किया। आरोपी के पास से मादक पदार्थ के परिवहन में इस्तेमाल की जा रही मोटरसाइकिल भी जब्त की गई। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रघुवीर प्रसाद शर्मा ने बताया कि जिला प्रशासन और पुलिस ऑपरेशन सीमा संकल्प के तहत संयुक्त रूप से अभियान चला रहे हैं। इसका उद्देश्य युवाओं को नशे की लत से बचाना और मादक पदार्थों की तस्करी पर अंकुश लगाना है। इसी अभियान के तहत राजियासर पुलिस निरीक्षक कलावती चौधरी के नेतृत्व में टीम ने यह कार्रवाई की। गिरफ्तार आरोपी की पहचान सुभाष (28) पुत्र ओमप्रकाश, निवासी वार्ड नंबर 3, सूरतगढ़ के रूप में हुई है। पुलिस ने उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/21 और 25 के तहत मामला दर्ज किया है। मामले की आगे की जांच जैतसर सीआई गोविंद राम को सौंपी गई है। इस कार्रवाई में पुलिस निरीक्षक कलावती चौधरी के साथ कांस्टेबल रमेश कुमार, देवीलाल, हरफूल, कुलवीर और गजराज सिंह शामिल थे। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जिले को नशा मुक्त बनाने के लिए मादक पदार्थ तस्करों के खिलाफ ऐसी कार्रवाइयां लगातार जारी रहेगी।

प्रयागराज माघ मेले में शिविर शुरू

बीकानेर, (कासं)। प्रयागराज में माघ मेला शुरू हो चुका है और लगभग डेढ़ दिनों तक चलने वाला यह मेला मिनी कुम्भ से कम नहीं है। इस पवित्र संगम स्नान के अवसर पर बीकानेर से रामझरोखा कैलाशधाम आश्रम द्वारा प्रयागराज में महात्यागी नगर खालसा (बीकानेर वाले) शुरू किया गया है। राष्ट्रीय संत सरजूदास महाराज ने बताया कि परम पूज्य सियाराम महाराज की कृपा से पूज्य गुरूदेव रामदास महाराज के नेतृत्व में यह खालसा प्रयागराज के रामनन्द 'ब' मार्ग, अक्षय वट चौराहा माघ मेला स्थल पर शुरू किया गया है। श्री प्रयागराज महाराज, महात्मादास महाराज सहित अनेक संतों ने मंगलवार को ध्वज पूजन कर खालसे का शुभारंभ किया। एक फरवरी तक लगने वाले इस शिविर में विशेष रूप से साधु-संतों व श्रद्धालुओं के लिए निवास, भोजन व अल्पाहार की सुविधा रहेगी। बीकानेर से श्रद्धालुओं की एक ग्रुप भी शिविर में सेवाएं प्रदान कर रहा है। खालसा स्थल पर रोजाना सुबह माघ माह की कथा, हवन, पूजन आदि अनुष्ठान होंगे तथा शाम को संकीर्तन का आयोजन होगा। पौष पूर्णिमा से माघ स्नान प्रारंभ हो चुका है।

सार-समाचार

धोखाधड़ी के आरोपी गिरफ्तार

अनूपगढ़, (कासं)। पुलिस ने रूपए दुगने करने का लालच देकर एक पाठी से 1 लाख 30 हजार रूपए की ठगी करने वाले गिरोह के दो सदस्यों को गिरफ्तार किया है। अनूपगढ़ पुलिस थानाधिकारी ईश्वर प्रसाद जांगिड़ ने बताया कि परिवादी शिंगारा सिंह पुत्र काला सिंह, निवासी 7 एफडीएम सूरतगढ़ ने इस संबंध में मामला दर्ज कराया था। शिंगारा सिंह ने अपनी शिकायत में बताया कि कुछ आरोपियों ने उसे रूपए दोगुने करने का झांसा देकर 1 लाख 30 हजार रूपए ठग लिए। पीड़ित ने आरोपियों को 30 हजार रूपए ऑनलाइन माध्यम से और 1 लाख रूपए नकद दिए थे। शिकायत के आधार पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच एएसआई होशियार सिंह को सौंपी। जांच के दौरान पुलिस ने राजू पुत्र गुरदीप सिंह, निवासी चक 6 केएएम खाल, अनूपगढ़, और गुरप्रीत सिंह उर्फ पप्पू पुत्र दर्शन सिंह, निवासी चक 4 केएएम खाल, अनूपगढ़ को गिरफ्तार किया। दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। एएसआई होशियार सिंह ने बताया कि इस मामले में अभी कुछ और आरोपियों की गिरफ्तारी बाकी है। उन्होंने आशंका जताई कि अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद ठगी के और मामलों का भी खुलासा हो सकता है।

बारिश से फसलें लहलहाई

जसरासर, (कासं)। जसरासर तहसील के आसपास के क्षेत्रों में हाल ही में हुई बारिश का सकारात्मक प्रभाव अब स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है। खेतों में सरसों और गेहूं की फसलें लहलहाने लगी हैं, जिससे किसानों के चेहरों पर खुशी लौट आई है। इस बरसात से किसानों को बड़ी राहत मिली है। किसानों का कहना है कि सर्दी के मौसम में हुई यह बारिश फसलों की बढ़वार के लिए बेहद अनुकूल साबित हुई है। इससे फसलों का उत्पादन बेहतर होने की उम्मीद जगी है। विशेष रूप से, इस बारिश से सरसों, गेहूं और प्याज की फसलों को अच्छा लाभ मिलने की संभावना है। खेतों की रौनक बढ़ने से किसान उत्साहित हैं और अच्छी पैदावार की उम्मीद कर रहे हैं। कुल मिलाकर, समय पर हुई बारिश और कोहरे ने किसानों की चिंताओं को कम किया है और आने वाले समय में बेहतर कृषि उत्पादन की उम्मीदों को मजबूत किया है।

शहीदों के सम्मान में साइकिल यात्रा

बीकानेर, (कासं)। उत्तरप्रदेश के देवरिया निवासी अभिषेक शहीदों के सम्मान और उनके परिजनों को आर्थिक संबल दिलाने के लिए देशभर में साइकिल यात्रा पर निकले हैं। वे 31 राज्यों में करीब 47 हजार किलोमीटर का सफर तय करेंगे। इस राष्ट्रव्यापी यात्रा की शुरुआत उन्होंने 19 दिसंबर 2024 को देवरिया से की थी। अब तक अभिषेक लगभग 19,870 किलोमीटर की दूरी तय कर चुके हैं। अपनी यात्रा के दौरान वे उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, लद्दाख, जम्मू-कश्मीर और पंजाब होते हुए राजस्थान के बीकानेर जिले में पहुंचे हैं। रास्ते में वे शहीद सैनिकों के बलिदान को याद दिलाते हुए आमजन को उनके परिवारों की सहायता के लिए जागरूक कर रहे हैं। इस साइकिल यात्रा की सबसे खास बात यह है कि अभिषेक बिना किसी आर्थिक संसाधन के यह सफर कर रहे हैं। भोजन, ठहराव और अन्य जरूरतों के लिए उन्हें आम लोगों का सहयोग मिल रहा है।

आरएलपी पंचायत चुनाव की तैयारी में जुटी

■ नोखा में कार्यकर्ता सम्मेलन, सभी वार्डों में उम्मीदवार उतारने की बात कही

नोखा, (कासं)। आगामी पंचायत समिति एवं जिला परिषद चुनावों की तैयारियों को लेकर नोखा में राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी (आरएलपी) की बैठक और कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में नोखा क्षेत्र से बड़ी संख्या में आरएलपी कार्यकर्ता शामिल हुए। सम्मेलन में बीकानेर जिला प्रभारी दानाराम घिंटाला, पूर्व सरपंच अक्कासर प्रभुराम गोदारा, विजयपाल बेनीवाल, डॉ. विवेक माचरा, जयनारायण भादू और कालूराम सियाग सहित अनेक वरिष्ठ पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। जिला प्रभारी दानाराम घिंटाला ने संगठनात्मक मजबूती और आगामी चुनावी रणनीति पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पार्टी द्वारा वर्तमान में बूथ लेवल-2 कार्यक्रम चलाया जा रहा है, जिसके तहत ग्रामीण क्षेत्रों में मजबूत कार्यकर्ताओं को जोड़कर बूथ स्तर पर संगठन को सशक्त किया जा रहा है।

घिंटाला ने कहा कि यदि बूथ स्तर मजबूत होगा तो इसका सीधा लाभ पंचायत समिति और जिला परिषद चुनावों में मिलेगा। उन्होंने संगठन में युवाओं के साथ-साथ बुजुर्गों और महिलाओं की सक्रिय भागीदारी पर भी जोर दिया।

इस अवसर पर डॉ. विवेक माचरा ने कहा कि बीकानेर जिले की पंचायत समितियों व जिला परिषद में अधिकतम प्रतिनिधि जिताने के लिए अभी से पूरी ताकत के साथ जुटना होगा ताकि प्रधान और जिला प्रमुख के चयन में पार्टी निर्णायक भूमिका निभा सके। विजयपाल बेनीवाल ने सांसद हनुमान बेनीवाल के संघर्षों का उल्लेख करते हुए कहा कि यदि उन्हें मजबूत किया जायेगा तो संगठन और क्षेत्र के सभी कार्य स्वतः सशक्त होंगे। नोखा ब्लॉक अध्यक्ष तुलसीराम डूडी ने कहा कि आगामी पंचायती राज चुनाव आरएलपी पूरी मजबूती से लड़ेगी।

उन्होंने बताया कि नोखा विधानसभा क्षेत्र की तीनों पंचायत समितियों के सभी वार्डों पर पार्टी अपने उम्मीदवार उतारेगी।

नापासर में पानी की लाइन टूटी, रिसाव जारी

नापासर, (कासं)। नापासर में भैरूनाथ मंदिर की टंकी से मेघवाल मोहल्ले की ओर जा रही 6 इंची जलदाय लाइन टूट गई। शिविर लाइन डाल रहे ठेकेदार की जेसीबी ने पाइपलाइन को क्षतिग्रस्त कर दिया।

दुकानदार द्वारका आसोपा ने बताया कि पाइप टूटते ही मौके पर पानी भर गया। जलदाय विभाग के कर्मचारियों ने तत्काल पानी की आपूर्ति बंद कर दी और लाइन को दुरूस्त किया लेकिन अभी भी पाइप से पानी का रिसाव जारी है। सिविल लाइन के लिए खोदा गया गहरा गड्ढा और उसकी मिट्टी सड़क पर फैलने से आवाजाही पूरी तरह बाधित हो गया है। इसी अव्यवस्था के कारण गुरूवार सुबह सोलर प्लांट की ओर जा रही एक हाइड्रोलिक मशीन फिसलकर बिजली के पोल से टकरा गई। इस घटना के बाद मौके पर भीड़ जमा हो गई।

राजस्थान सरकार, कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)

क्रमांक : नियमन/2026/5093 **सार्वजनिक आपत्ति सूचना** दिनांक : 7-1-2026

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि कृषि भूमि क्षेत्र में रिहायशी भूखण्ड वाके चक 7 ई छोटी मुरब्बा न. 16 के किला न. 09, 10 में भूखण्ड संख्या 44 माप 29'-3" गुणा 47'-0" फीट के नियमन/पट्टा हेतु आवेदक श्री रघुवीर वर्मा पुत्र श्री रामेश्वर लाल निवासी मकान नम्बर 32, श्रीराम कॉलोनी चक 5 ई छोटी, तहसील व जिला श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर इनके भूखण्ड का नियमन किया जाना है। अतः उपरोक्त वर्णित भूखण्ड के आवेदक के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों/रकबे के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति मय सबूत आपत्ति सूचना के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस के अन्दर-अन्दर न्यास कार्यालय में कैमरा न. 17 (नियमन शाखा) में प्रस्तुत कर सकता है अन्यथा बाद मियाद गुजरने अवधि के उपरान्त आवेदक श्री रघुवीर वर्मा पुत्र श्री रामेश्वर लाल निवासी मकान नम्बर 32, श्रीराम कॉलोनी चक 5 ई छोटी, तहसील व जिला श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर चक 7 ई छोटी मुरब्बा न. 16 के किला न. 09,10 में भूखंड संख्या 44 का माप 29'-3" गुणा 47'-0" फीट का नियमन/पटटा जारी कर दिया जावेगा। यदि उक्त वर्णित क्षेत्र का पूर्व में नियमन/ पट्टा जारी होना पाया गया तो वर्तमान पट्टा स्वतः ही निरस्त माना जावेगा। न्यास किसी भी विवाद के लिए जिम्मेवार नहीं होगा।

-सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर।

उत्तर पश्चिम रेलवे — **शुद्धि पत्र**

ई-निविदा नोटिस संख्या एस एण्ड टी प्रोजेक्ट-जेपी-2025-26-04 दिनांक 02.01.2026 कार्य का नाम : उत्तर पश्चिम रेलवे के बीकानेर मंडल में एलटीई/यूएचएफ और कवच कार्य के सम्बन्ध में लेटीस टावरों को लगाने का प्रावधान।

1. "प्रीबिड मीटिंग की तारीख को 14.01.2026 की जगह 13.01.2026 कर दी गई है।" 2. ई-टेण्डर नोटिस सं. एस एण्ड टी प्रोजेक्ट- जेपी-2025-26-04 दिनांक 02.01.2026 के विज्ञापन प्रकाशन में नोटिस बोर्ड की लोकेशन उप मुख्य सिगनल एवं दूर संचार इंजीनियर/परियोजना/जयपुर ऑफिस रहेगी। **3.** निविदा सं. एस एण्ड टी प्रोजेक्ट- जयपुर-2025-26-04 पढ़ा जाए। **4.** ई-टेण्डर नोटिस में बाकी शर्तें यथावत रहेगी।

48-DR/26 उप.मु.सिंग एवं दूर सं. इंजी./परियोजना/II, जयपुर

उत्तर पश्चिम रेलवे

ई-निविदा संख्या 27-TRD-BKN-E-Tender-2025-26 में प्रथम संशोधन सूचना

ई-निविदा संख्या 27-TRD-BKN-Tender-2025-26 जो कि दिनांक **20.01.2026** को खुलेगी, में similar work के परिभाषा में प्रधान कार्यालय के **पत्र सं. NWR-HQ0Elect(TR)/22/2020 Pt-2** दिनांक **05.12.2025** के अनुसार संशोधन किया गया है। निविदा प्रपत्र इसके अनुसार अपडेट किया गया है। अन्य सभी नियम व शर्तें यथावत रहेंगी।

वरि. मंडल बिजली इंजीनियर/टीआरडी एवं जीएसयू,उपरे, बीकानेर

35-DR/26

उत्तर पश्चिम रेलवे

ई-निविदा सूचना

मंडल रेल प्रबन्धक, उत्तर पश्चिम रेलवे बीकानेर भारत के राष्ट्रपति की और से इच्छुक ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य के लिए दर्शायी गयी तिथि में सील की गई खुली निविदा आमंत्रित करते है। **निविदा संख्या** : एस.एण्ड.टी/बी.के.एन-25-26-31 **कार्य का नाम व स्थान** : बीकानेर मंडल के DSTE/BKN के सेक्शन में विभिन्न सिगलिंग उपकरणों की सुरक्षा और प्रतिस्थापन का कार्य। **अनुमानित लागत मूल्य** :18066389.12 **बिड सिक्यूरिटि** : 240300.00 **निविदा प्रस्तुत करने की तिथि व समय** : 30.01.26 को 15.00 बजे तक **वेबसाईट जहां निविदा का पूरा विवरण देखा व डाउनलोड किया जा सकता है** : www.ireps.gov.in

37-DR/26

हमें /NWRailways NWRailways_पर फॉलो करें

उत्तर पश्चिम रेलवे

ई-निविदा सूचना

मंडल रेल प्रबन्धक, उत्तर पश्चिम रेलवे बीकानेर भारत के राष्ट्रपति की और से इच्छुक ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य के लिए दर्शायी गयी तिथि में सील की गई खुली निविदा आमंत्रित करते है। **निविदा संख्या** : एस.एण्ड.टी/बी.के.एन-25-26-32 **कार्य का नाम व स्थान** : बीकानेर मंडल के ADSTE/HMH के सेक्शन में विभिन्न सिगलिंग उपकरणों की सुरक्षा और प्रतिस्थापन का कार्य। **अनुमानित लागत मूल्य** :45990497.38 **बिड सिक्यूरिटि** : 380000.00 **निविदा प्रस्तुत करने की तिथि व समय** : 30.01.26 को 15.00 बजे तक **वेबसाईट जहां निविदा का पूरा विवरण देखा व डाउनलोड किया जा सकता है** : www.ireps.gov.in

38-DR/26

हमें /NWRailways NWRailways_पर फॉलो करें

कार्यालय नगरपालिका मंडल सूरतगढ़ जिला श्रीगंगानगर (राज.)

क्रमांक/भूमि/भूउप/2026/1766-68 दिनांक : 07.01.2026

आपत्ति सूचना

हर आम व खास एवं हितबद्ध रखने वाले हर शख्स को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि श्री गुरदीप सिंह पुत्र श्री जीत सिंह निवासी वार्ड नंबर 31, सूरतगढ़ जिला श्रीगंगानगर में कस्बा सूरतगढ़ के खसरा नंबर 328/1 व खसरा नंबर 328/2 मे साईज 15450 वर्गफुट यानि 1435.32 वर्गमीटर में स्थित का आवासीय से मिश्रित प्रयोजनार्थ भू-उपयोग परिवर्तन करने हेतु आवेदन-पत्र प्रस्तुत किया गया है। मास्टर प्लान में आवेदित भूमि व्यवसायिक प्रयोजनार्थ आरक्षित है। अतः उक्त स्थल का मिश्रित प्रयोजनार्थ भू-उपयोग परिवर्तन किये जाने पर किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह शख्स अपनी लिखित आपत्ति इस सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर अन्दर पालिका कार्यालय में निम्न हस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत कर सकता है। मियाद गुजरने पर कोई भी आपत्ति मान्य नहीं होगी।

- (पूजा शर्मा), अधिशाषी अधिकारी, नगरपालिका सूरतगढ़

RIICO GROW WITH RAJASTHAN — राजस्थान सरकार का उपक्रम — RISING RAJASTHAN REPLETE • RESPONSIBLE • READY

औद्योगिक विकास के खुल रहे नये द्वार आप भी बनें भागीदार

सरल ई-नीलामी के माध्यम से आवंटन

आधारभूत सुविधाओं युक्त औद्योगिक क्षेत्रों में करें उद्यम की स्थापना

64 कुल औद्योगिक क्षेत्र | 299 कुल भूखण्ड | 290 औद्योगिक भूखण्ड | 09 लॉजिस्टिक भूखण्ड

उपरोक्त औद्योगिक क्षेत्रों पर प्रत्यक्ष आवंटन योजना-2025 लागू नहीं है

ईएमडी: प्रारम्भ तिथि: 09 जनवरी, 2026 (प्रात: 10:00 बजे) — अंतिम तिथि: 23 जनवरी, 2026 (सायं 06:00 बजे)

ऑनलाईन बिड: प्रारम्भ तिथि: 27 जनवरी, 2026 (प्रात: 10:00 बजे) — अंतिम तिथि: 29 जनवरी, 2026 (सायं 05:00 बजे)

30	आबू रोड़	03	चूरू	33	नागौर	08	उदयपुर
25	अजमेर	08	बीकानेर	07	पाली	03	जयपुर (दक्षिण)
05	अलवर	14	श्रीगंगानगर	24	झालावाड़	02	जयपुर (उत्तर)
08	भिवाड़ी-I	16	किशनगढ़	01	जालोर	25	ईपीआईपी सीतापुरा, जयपुर
19	भिवाड़ी-II	13	भीलवाड़ा	13	राजसमंद	02	जोधपुर
07	बोरानाडा	01	जयपुर (ग्रामीण)	20	कोटा	03	सवाईमाधोपुर
05	घिलोठ	01	सीकर	03	नीमराना		

*25% भुगतान के बाद, शेष 75% भुगतान 11 किश्तों में 8.5% ब्याज के साथ या 120 दिनों के भीतर ब्याज रहित भुगतान
या
रीको की टर्म लोन स्कीम के तहत भूमि की लागत का 75% तक का ऋण 5 साल की पुनर्भुगतान अवधि एवं 8.5% ब्याज के साथ
*केवल औद्योगिक भूखण्डों के लिए

आवेदन के लिए QR कोड स्कैन करें

राज.संवाद/सी/25/17325

राजस्थान स्टेट इण्डस्ट्रियल डवलपमेन्ट एण्ड इन्वेस्टमेन्ट कॉर्पोरेशन लिमिटेड

उद्योग भवन, तिलक मार्ग, सी-स्कीम, जयपुर-302005

ई-नीलामी हैल्पलाइन नं. 0141-4593250, 4593237, व्हाट्सएप: +91 9001306515, ई-मेल: riico@riico.co.in

आवंटन से सम्बंधित नियमों एवं शर्तें, ईएमडी विवरण, रजिस्ट्रेशन एवं भूखण्ड से सम्बंधित जानकारी के लिए देखें

https://riico. rajasthan.gov.in या https://www.riico.co.in